# कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
डाण्डा लखौण्ड,सहस्त्रधारा रोड, देहरादून–248001
ई.मेल:- mdnhmuk@gmail.comफोन / फैक्स 0135-2608646


पत्रांकः– UKHFWS/NHM/NCD/2016/NPPC Letters-1/ 4387 दिनांक– 07/ 02/2022

सेवा मे,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तराखण्ड।

विषयः **National Programme for Palliative Care (NPPC) कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य में पैलिएटिव देखभाल से सम्बन्धित सेवाओं में पैलियम इण्डिया द्वारा निःशुल्क सहभागिता प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि National Programme for Palliative Care (NPPC) कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के समस्त जनपदों मे पैलिएटिव देखभाल से सम्बन्धित सेवाये प्रदान की जानी है, जिस हेतु चिकित्सको तथा स्टॉफ नर्सों को Certified Course in Palliative Care में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। राज्य के 04 जनपदों के जिला चिकित्सालय में Palliative Ward की स्थापना की गयी है।

उत्तराखण्ड राज्य में पैलिएटिव देखभाल की वास्तविक स्थिति में सुधार किये जाने के सम्बन्ध में सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गयी। बैठक में प्राप्त निर्देशो के क्रम मे श्री राजेन्द्र दत्त बिजल्वाण, क्षेत्रीय समन्वयक, पैलियम इण्डिया के समन्वय स्थापित करते हुए राज्य मे पैलिएटिव केयर सुविधा का संचालन शुरू किया जाना है। जिस हेतु पैलियम इण्डिया द्वारा निम्न सहयोग निःशुल्क प्रदान किया जाना है:–

1. राज्य के 04 जनपद (उधमसिंहनगर, हरिद्वार, नैनीताल तथा देहरादून) मे स्थापित पैलिएटिव वार्ड के संचालन मे सहयोग।
2. राज्य के समस्त जनपदो में वर्तमान मे प्रशिक्षित चिकित्सको तथा स्टॉफ नर्सों के द्वारा OPD/IPD की सेवाओं मे आवश्यक सहयोग **(सूची संलग्न)**।
3. चिकित्सको तथा स्टॉफ नर्सों, जिनके द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण नही किया गया है, उनके साथ समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षण पूर्ण करने में सहयोग **(सूची संलग्न)**।
4. कार्यक्रम के अन्तर्गत पैलिएटिव देखभाल से सम्बन्धित आई0ई0सी0, दस्तावेजों के रख–रखाव, आवश्यक औषधियो के क्रय एवं रख–रखाव की प्रक्रिया में सहयोग।
5. प्रशिक्षित चिकित्सकों, स्टॉफ नर्सों तथा एन0सी0डी0 के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों को Virtual Mode में प्रशिक्षण / पुनः प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जायेगा।
6. पैलियम इण्डिया की टेलीकन्सल्टेशन सेवा एवं सुख–दुख हैल्पलाईन के माध्यम से सहयोग।
7. कार्यक्रम मे आवश्यकतानुसार आवश्यक सहयोग।

अतः राज्य में बेहतर पैलिएटिव देखभाल सेवाओं के संचालन हेतु उक्तानुसार पैलियम इण्डिया की सहभागिता में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

**संलग्नः–यथोपरि।**

भवदीया

(हस्ताक्षर)

डा0 अर्चना ओझा
प्रभारी अधिकारी (एन0एच0एम0)

क्रमशः

पत्रांकः– UKHFWS/NHM/NCD/2016/NPPC Letters-1/ 4388 तद्दिनांक।

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।**

1.सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
2.महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
3.मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड।
4.निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड।
5.जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय पैलिएटिव देखभाल कार्यक्रम, समस्त जनपद, उत्तराखण्ड।
6.श्री राजेन्द्र दत्त बिजल्वाण, क्षेत्रीय समन्वयक, पैलियम इण्डिया को इस आशय से प्रेषित कि राज्य में बेहतर पैलिएटिव देखभाल की सेवाओं हेतु उक्तानुसार सहयोग प्रदान करते हुए मासिक आख्या राज्य मिशन निदेशक कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

डा0 अर्चना ओझा
प्रभारी अधिकारी (एन0एच0एम0)